महोबा पुलिस

मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत जनपद के समस्त थानों में गठित एण्टी रोमियों टीमों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया-

"मिशन शक्ति अभियान फेज - 4.0" व "शक्ति दीदी" अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 21.07.2024 को जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रअन्तर्गत स्कूल, कालेज, कोचिंग संस्थान एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई । इस दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सभी थानों में उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा उनकी शिकायतें सुनी जाती हैं तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है ।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 21.07.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी कांवड यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुलभ तथा व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी कर तैयारियों की समीक्षा की गई, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश...।

दिनांक 20.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा में आगामी कांवड यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुलभ तथा व्यवस्थित रूप से सकुशल सम्पन्न कराये जाने दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, एवं यातायात प्रभारी के साथ गूगलमीट के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी कर कांवड सम्बन्धी तैयारियों एवं जनपद में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखे जाने एवं कानून/शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में बिन्दुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।



पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा गोष्ठी के दौरान बताया गया कि आगामी श्रावण मास कांवड यात्रा-2024 को सुरक्षित, सुगम एवं सुलभ तथा व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए गोष्ठी में प्रमुखता से ट्रैफिक डायवर्जन के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये और बताया गया कि 21 जुलाई से रूट डायवर्ट हो जाएगा। कावड़ियो के आने-जाने के लिये यातायात हेतु समुचित ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने सम्बन्धी भी निर्देश दिये गये।

इसी के साथ आगामी कावड़ यात्रा में लगने वाले यातायात पुलिस/सिविल पुलिस बल की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगायी जाये एवं जनपद में कावड़ यात्रा का प्रवेश मार्ग, यात्रा की दूरी, कावड़ यात्रा के दौरान हल्के व भारी वाहनों के डायवर्जन मार्ग आदि के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया एवं सीमावर्ती जनपदों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया हैं, जिसमें सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जायेगा।